हरिभूमि

झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

13 लंबित मांगों को लेकर नर्सिंग अधिकारियों ने जताया विरोध



14 महात्मा गांधी और शास्त्री को स्कूलों में किया याद



खबर संक्षेप



शार्ट सर्किट के कारण हेयर सैलून में लगी आग

झज्जर। शहर के सिलानी गेट क्षेत्र में बुधवार रात एक हेयर सैलून में आग लगने के कारण सैलून संचालक का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। सैलून संचालक संजय ने बताया कि वह रोजाना की तरह दुकान बढ़ाकर घर चला गया था। रात करीब ग्यारह बजे उसे दुकान में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे तथा फायर ब्रिगेड कर्मचारियों व मौके पर उपस्थित अन्य लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक उसकी दुकान का अधिकांश फर्नीचर व अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो चुका था। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि उसने बुधवार को अपनी दुकान का एसी रिपेयर कराया था। उसने बताया कि एसी में फाल्ट से हुए शार्ट सर्किट के कारण यह आग लगी है।

सभी पंचायतों में आज होगी ग्राम सभा

झज्जर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में सुबह 11 बजे विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की अधिक से अधिक सक्रिय भागीदारी जरूरी है। ग्राम सभाओं के सुचारू रूप से संचालन को लेकर संबंधित अधिकारी समन्वय से कार्य करें। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों की बैठक में ग्राम सभाओं को लेकर चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए दिए।

पराली जलाने से रोकने के लिए ड्रोन से निगरानी के दिए निर्देश

झज्जर। जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन एक्टिव मोड में कार्य कर रहा है। डीसी वर्षा खांगवाल ने निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण उपायों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करते हुए फील्ड स्तर पर नियमित निगरानी की जाए और पराली जलाने की घटनाएं न हों इसके लिए किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने क्विक रेस्पॉन्स टीम को सक्रिय रखने को कहा। ड्रोन के माध्यम से निगरानी करने के निर्देश भी दिए।

फैमिली इंफॉर्मेशन डेटा रिपॉजिटरी के आंकड़ों से शुरू हुआ बहादुरगढ़ नगर परिषद का वार्ड परिसीमन

2.74 लाख आबादी के आधार पर नए सिरे से बनेंगी 31 वार्डों की सीमाएं

अगले साल प्रस्तावित निकाय चुनाव से पहले परिसीमन व आरक्षण की प्रक्रिया होगी पूरी

रवींद्र राठी ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। वार्डबंदी के काम को आगे बढ़ाते ईओ संजय रोहिल्ला।

अगले वर्ष प्रस्तावित नगर परिषद चुनाव से पहले बहादुरगढ़ शहर के राजनीतिक और प्रशासनिक नक्शे में बड़ा बदलाव होने की तैयारी शुरू हो गई है। हरियाणा सरकार ने प्रदेश की 66 नगर निकायों के वार्डों के परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रिया को गति दे दी है। इसी कड़ी में बहादुरगढ़ नगर परिषद के वार्डों का सीमांकन फैमिली इंफॉर्मेशन डेटा रिपोजिटरी (एफआईडीआर) में उपलब्ध आबादी के आंकड़ों के आधार पर शुरू कर दिया गया है। आंकड़ों के अनुसार बहादुरगढ़ नगर परिषद क्षेत्र की आबादी करीब 2 लाख 74 हजार 92 है।

शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से जुलाई 2026 में जारी निर्देशों के अनुसार बहादुरगढ़ में वार्डों के परिसीमन की प्रक्रिया तेज करने की तैयारी की गई थी। फिलहाल नगर परिषद के अधिकारी मौजूदा 31 वार्डों को आधार मानकर एफआईडीआर के आंकड़ों के अनुसार सीमांकन का प्रारंभिक कार्य कर रहे हैं। हरियाणा पालिका अधिनियम और वार्ड परिसीमन से संबंधित नियमों के तहत वार्डों की संख्या और उनकी सीमाएं आबादी के आधार पर तय की जानी हैं। एफआईडीआर का डेटा परिवार पहचान पत्र व्यवस्था से प्राप्त और समय-समय पर अपडेट होने वाली आबादी पर आधारित है। परिसीमन का अंतिम प्रारूप सामने आने के बाद ही शहर के नए राजनीतिक समीकरण की वास्तविक तस्वीर स्पष्ट होगी। वार्डों का सीमांकन नए सिरे से होने के बाद शहर के राजनीतिक स्वरूप पर भी इसका असर पड़ना तय माना जा रहा है। कई ऐसे वार्ड हैं जहां वर्तमान सीमाओं में बदलाव होने की संभावना है। वार्ड परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रिया के लिए गठित होने वाली एडहॉक कमेटी में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पांच गैर-सरकारी सदस्य शामिल रहेंगे।

सरकार द्वारा जारी आदेशों में जिला उपायुक्त, निकाय निदेशक के प्रतिनिधि के रूप में डीएमसी, चेयरपर्सन और कार्यकारी अधिकारी के अलावा 5 नॉन ऑफिशियल सदस्यों को शामिल किया गया है। कमेटी की भूमिका वार्डों की सीमाओं, आबादी के संतुलन और आरक्षण से संबंधित प्रक्रिया में महत्वपूर्ण रहेगी। कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला नोडल अधिकारी हैं और एक्सईएन भारत भूषण को एडिशनल नोडल अधिकारी बनाया गया है।

वार्डों में संतुलन बना रहना चाहिए

पार्षद रमन यादव के अनुसार वार्डों का परिसीमन शहर की मौजूदा आबादी और वास्तविक भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। किसी वार्ड में आबादी बहुत अधिक और किसी में बहुत कम न रहे, इसका संतुलन जरूरी है। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि एफआईडीआर के आंकड़े सही और अपडेटेड हो। नई विकसित कॉलोनियों और पुराने शहर के क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए वार्डों की सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए।



एक क्षेत्र की कॉलोनियां एक वार्ड में रहें

पार्षद नीना राठी के अनुसार वार्ड की सीमाएं निर्धारित करते समय कॉलोनियों और मोहल्लों की भौगोलिक निरंतरता बनी रहनी चाहिए। एक ही क्षेत्र की बस्तियों को अनावश्यक रूप से अलग-अलग वार्डों में बांटने से लोगों को परेशानी हो सकती है। परिसीमन और आरक्षण दोनों प्रक्रियाएं पूरी पारदर्शिता के साथ होनी चाहिए। प्रस्ताव तैयार होने के बाद संबंधित क्षेत्रों के लोगों और जनप्रतिनिधियों को अपनी आपत्ति और सुझाव रखने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए।



परिसीमन बेहद महत्वपूर्ण प्रक्रिया

चेयरपर्सन सरोज राठी के अनुसार आगामी नगर परिषद चुनाव को देखते हुए परिसीमन बेहद महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। शहर का विस्तार पिछले कुछ वर्षों में तेजी से हुआ है। परिसीमन के दौरान स्थानीय स्तर पर उपलब्ध वास्तविक स्थिति का भी ध्यान रखा जाएगा। आबादी के संतुलन के आधार पर सीमाएं बदली जाती हैं तो वर्तमान वार्डों में शामिल कॉलोनियां दूसरे वार्डों में जा सकती हैं। ताकि भविष्य में विकास कार्यों और प्रतिनिधित्व में संतुलन बना रहे।



मानचित्र बनना शुरू

नप के कार्यकारी अधिकारी संजय रोहिल्ला के अनुसार वर्तमान बोर्ड का कार्यकाल समाप्त होने से पहले सरकार परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रिया को पूरा करने की तैयारी में है। एफआईडीआर के आधार पर जनसंख्या जुटाने के बाद वार्डों का मानचित्र तैयार करने का काम शुरू हो चुका है। मतदाताओं की संख्या के आधार पर वार्डों का निर्धारण किया जाएगा। नागरिकों की आपत्तियों और सुझाव पर सुनवाई के उपरांत एडहॉक कमेटी अपनी रिपोर्ट निदेशालय को भेजेगी।

बहादुरगढ़ के सरकारी अस्पताल की सुरक्षा पर बड़ा सवाल

अस्पताल की छह मंजिला निर्माणाधीन बिल्डिंग में मिला खून से लथपथ शव

- शाम को जल्द आने की कहकर निकला था बिट्टू, एक और युवक के साथ दिखा
- हाथों की हड्डियां टूटीं व सिर पर चोट, ऊपर से गिरने या गिराने की आशंका, हत्या का केस दर्ज



बहादुरगढ़। मौके पर जांच करती पुलिस व एफएसएल टीम।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नागरिक अस्पताल की निर्माणाधीन छह मंजिला बिल्डिंग में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। युवक का शव ग्राउंड फ्लोर पर खून से लथपथ हालत में मिला। उसके हाथों की हड्डियां टूटी हुई और सिर पर भी गंभीर चोट के निशान मिले हैं। प्रथमदृष्टया तीन से चार मंजिल से गिरने की आशंका जता रही है। हालांकि वह खुद गिरा, किसी ने धक्का दिया या किसी साजिश का शिकार हुआ, यह जांच का विषय बना हुआ है। पुलिस ने पिता के बयान पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है।



मृतक की पहचान लाइनपार के जौहरी नगर निवासी बिट्टू के रूप में हुई है। वह रोहतक-दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल के पास एक स्टोर में काम करता था। परिजनों के अनुसार, बुधवार शाम करीब छह बजे काम से छुट्टी होने के बाद वह घर चला गया था। रात करीब आठ बजे वह दोबारा बाइक लेकर घर से निकला। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। फोन पर संपर्क नहीं हो सका। परिजनों ने रातभर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। वीरवार की सुबह नागरिक अस्पताल की निर्माणाधीन छह मंजिला बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर उसका शव मिला। शव खून से सना हुआ था और शरीर पर चोट के गहरे निशान थे। सूचना मिलते ही सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए गए। अस्पताल परिसर में डिस्पेंसरी के पास युवक की बाइक भी बरामद हुई है।

जांच के दौरान सामने आया है कि बिट्टू के साथ एक अन्य युवक भी आया था। वह सीसीटीवी में बिटटू के साथ नजर आया है। वह कौन था और दोनों निर्माणाधीन बिल्डिंग में क्या करने आए थे, यह भी सवाल बना हुआ है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ युवक के परिचितों और घटनाक्रम से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। मृतक के पिता जसवंत ने हत्या की आशंका जताई है। उनका कहना है कि बेटा रात को यह कहकर घर से निकला था कि किसी का फोन आया है और जरूरी काम से जाना है। उसने जल्द वापस आने की बात कही थी, लेकिन नहीं लौटा। मामले की निष्पक्षता से जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।

उधर, सिटी पुलिस ने शिकायत के आधार पर हत्या का केस दर्ज कर लिया है। मामले में विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। युवक की मौत गिरने से हुई या फिर किसी साजिश का शिकार हुआ, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

3 साल से अधूरा है भवन, नशेड़ियों का अड्डा

बिट्टू की मौत की वजह बेशक कुछ भी हो, लेकिन इस घटना ने अस्पताल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। दरअसल, परिसर में कई वर्ष पहले छह मंजिला भवन का निर्माण शुरू हुआ था। फिलहाल करीब तीन साल से काम रुका हुआ है। बिल्डिंग दिनभर सुनसान रहती है। इस भवन में अक्सर नशेड़ियों के मंडराने की बात भी सामने आती रही है, जो सुरक्षा के लिहाज से सही नहीं है। इसके अलावा परिसर में चोरी की वारदात भी कई बार हो चुकी हैं।

कुम्हारों वाले मोहल्ले में शातिर ने बनाया निशाना

अलमारी का लॉक ठीक करने के बहाने 3.75 लाख चुराए

- सीसीटीवी में नजर आ रहे पगड़ीधारी युवक पर शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अपने घर में किसी भी अनजान शख्स को दाखिल कराते वक्त सतर्क रहें। थोड़ी सी लापरवाही आपको नुकसान पहुंचा सकती है। बहादुरगढ़ में ऐसा ही एक मामला सामने आया है। अलमारी का लॉक ठीक करने के बहाने एक शातिर व्यक्ति, बुजुर्ग को चकमा देकर 3 लाख 75 हजार की नकदी पर हाथ साफ कर गया। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वारदात शांति मंदिर के निकट कुम्हारों वाले मोहल्ले की है। यहां की निवासी फूला देवी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उनकी दो बेटियां हैं और दोनों विवाहित हैं। वह अपने पति जगदीश के साथ रहती है। गत 30 सितंबर की दोपहर करीब 3 बजे पति जगदीश घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान एक पगड़ीधारी शख्स गली में आया। वह तालों को ठीक कराने की आवाज लगा रहा था। चूंकि हमारे बेडरूम की अलमारी के गेट की चाबी गायब है तो पति ने उस शख्स को अंदर बुला लिया और



चाबी लगाने को कहा। अलमारी के लॉकर में 3 लाख 75 हजार रुपये थे। कुछ ही देर में चाबी बनाकर वह शख्स निकल गया।

शाम को पति व दामाद आए तो उनको पैसे देने के लिए अलमारी खोली। देखा तो अलमारी में रखे 3 लाख 75 हजार रुपये गायब थे। उन्होंने मांग की कि आरोपी को तलाश कर हमारी राशि बरामद की जाए। उधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है। फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति नजर आया है, जिसे पुलिस तलाश रही है।

इंटरनेशनल ब्रांड के नाम पर नकली जूते बनाने का खुलासा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में इंटरनेशनल ब्रांड के नाम से नकली जूते तैयार कर बेचे जा रहे हैं। लगातार हो रही छापेमारी में यह बात सामने आई है। अब प्यूमा ब्रांड के नकली जूते बनाने का भंडाफोड़ हुआ है। यहां एमआईई स्थित एक फैक्ट्री से भारी संख्या में प्यूमा ब्रांड से मिलते जुलते जूतों व कच्चे माल की बड़ी खेप मिली है। इस संबंध में फैक्ट्री मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी व कॉपीराइट एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। गाजियाबाद निवासी नीरज की शिकायत पर पुलिस ने यह कार्रवाई की है। दरअसल, नीरज प्यूमा कंपनी में अधिकृत अधिकारी है। कंपनी के नाम से बनाए जा रहे नकली सामान को रोकने और कार्रवाई करने की जिम्मेदारी नीरज की है। नीरज के अनुसार, वह अपने सह कर्मियों के साथ बहादुरगढ़ के एमआईई पार्ट बी में आया था। यहां एसएम इंटरप्राइजेज में कंपनी के नाम से नकली जूते बनाए जाने की पुख्ता सूचना मिली तो उसने पुलिस को शिकायत दी। शिकायत में कहा कि नकली जूते तैयार करके जनता के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। साथ ही सरकार व कंपनी को आर्थिक क्षति पहुंचाई जा रही है। इसके बाद पुलिस के साथ मिलकर फैक्ट्री में छापा मारा गया। छापामार कार्रवाई के दौरान कंपनी से 1722 जूते, 2440 अपर, एक हजार पतावे, चिपकाने वाला केमिकल, ब्रश तथा लकड़ी की डाई बरामद हुई। फैक्ट्री का मालिक सोनीपत का सुमित बताया जा रहा है।

एमआईई स्थित एक फैक्ट्री में छापा मारकर 1722 जूते, 2440 अपर, एक हजार पतावे आदि सामान बरामद किया

मुलतान सेवा समिति के प्रधान बने जगदीश गेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्थानीय श्रीराम धर्मशाला में मुलतान सेवा समिति का त्रिवार्षिक चुनाव संतलाल बुद्धिराजा, राम गेरा, डॉ. नंद सरदाना एवं राधेश्याम भाटिया के नेतृत्व में संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में जगदीश गेरा को समिति का प्रधान चुना गया। वहीं सर्वसम्मति से कार्यकारिणी में तीसरी बार महासचिव मुकेश पोपली, कोषाध्यक्ष अश्वनी अरोड़ा को जिम्मेवारी सौंपी गई। प्रधान जगदीश गेरा ने कहा कि उन्हें प्रधान पद की जो जिम्मेदारी मिली है वे उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। सभी को साथ लेकर समिति के कार्य किए जाएंगे। कार्यकारिणी का विस्तार आगामी बैठक में किया जाएगा।



झज्जर। जगदीश गेरा के प्रधान बनने पर खुशी मनाते लोग।

आज रजत, कल अमन व दीपक भिड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

जापान में चल रहे एशियन गेम्स के कुश्ती मुकाबलों के पहले दिन भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन मिला जुला रहा। देश के दो पहलवानों ने जीत दर्ज की तो दो पहलवानों को हार का सामना करना पड़ा।

झज्जर जिले के गांव मांडोठी के सुमित दलाल पहलवान 60 किलोग्राम ग्रीको रोमन में ईरान के पहलवान से क्राइटेरिया नियम के आधार पर हार गए। हालांकि झज्जर जिले के तीन पहलवानों से अभी उम्मीदें बरकरार हैं। वीरवार दो अक्टूबर को हेवीवेट पहलवान रजत रुहल 125 किलोग्राम वर्ग में मैट पर उतरेंगे। वहीं तीन अक्टूबर को ओलंपिक मेडलिस्ट अमन सहरावत तथा अर्जुन अवॉर्डी दीपक पूनिया पर नजर रहेगी। कुश्ती प्रेमियों को अमन व दीपक पूनिया से बेहद उम्मीदें हैं।

ट्रेन से कटकर युवक ने दी जान, मोबाइल से हुई पहचान

बहादुरगढ़ (हरिभूमि न्यूज)। बीती देर रात को जाखोदा के निकट एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। वजह अभी स्पष्ट नहीं है। परिजनों के बयान के बाद पुलिस मामले में आगामी कार्रवाई करेगी।

घटना बुधवार रात करीब 11 बजे की बताई जा रहा है। किसी राहगीर की नजर ट्रैक पर पड़े शव पर गई तो जीआरपी बहादुरगढ़ को सूचना दी गई। पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। मृतक युवक के पास से मिले मोबाइल के आधार पर उसकी शिनाख्त करीब 23 वर्षीय अंकित के रूप में हुई। अंकित उत्तरप्रदेश के हरदोई जिले का रहने वाला था। पिछले कुछ समय से यहां जाखोदा रह रहा था। जांच अधिकारी प्रदीप का कहना है कि प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। बाकी असल पुष्टि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो पाएगी। मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी है। उनके बहादुरगढ़ आने पर बयान लिए जाएंगे। बयान के आधार पर ही मामले में आगामी कार्रवाई होगी।

रामलीला आगामी 10 व 11 अक्टूबर से शुरू होगा रामलीला मंचन

अभिनय में जान डालने को रिहर्सल में जुटे रामलीला के कलाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

नवरात्रों के दौरान शहर में रामलीला मंचन भी शुरू हो जाएगा। यहां मुख्यतः तीन रामलीलाओं का आयोजन किया जाता है। दो रात्रि रामलीलाएं हैं जिनका नियमित आयोजन पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। जबकि दिन में होने वाली प्राचीन रामलीला करीब साढ़े तीन सौ वर्षों से चली आ रही है। शारदीय नवरात्रों से शुरू होने वाले रामलीला मंचन के लिए रामलीला कमेटी के कलाकारों द्वारा मंचन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। सांझ ढलने के बाद रिहर्सल की जा रही है। रामलीला के सफलता पूर्वक मंचन के लिए कलाकारों को संवाद, मंचन के दौरान आने वाले गीतों, दोहों, बहरत आदि की रिहर्सल कराई जा रही है।

श्रीलवकुश रामलीला कमेटी के प्रधान महावीर सैनी ने जहां दस अक्टूबर से रामलीला मंचन के शुभारंभ की बात कही वहीं श्रीविकास रामलीला क्लब के प्रवक्ता कमल पांडे ने बताया कि उनकी रामलीला 11 अक्टूबर से भगत सिंह चौक के नजदीक स्थित मैदान में शुरू होगी।

बस स्टैंड परिसर में मलबे को हटाकर बनाई व्यवस्था

अबकी बार रामलीला मंचन के लिए श्रीलवकुश रामलीला क्लब के सदस्यों को अधिक परेशानी आ रही है। यहां पुराना बस स्टैंड परिसर में बड़े-बड़े पत्थरों वाला मलबा डाल दिया गया था। रामलीला क्लब के प्रधान महावीर सैनी ने बताया कि अब कलाकारों व शहरवासियों के सहयोग से कमेटी द्वारा अपने स्तर पर मलबे को छोटे-छोटे टुकड़ों में तबदील कराया और अब इस मलबे पर मिट्टी डालकर उसे समतल बनाते हुए दर्शकों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।



झांकियां निकाली जाएंगी

प्राचीन रामलीला कमेटी प्रधान अंकुश ढूहण ने बताया कि उनकी कमेटी द्वारा रामलीला मंचन के अलावा शहर में झांकियां भी निकाली जाती हैं। आयोजन की शुरुआत 11 अक्टूबर से होगी। पहले दिन प्रभु श्रीराम के जन्म की झांकी निकाली जाएगी। 12 अक्टूबर से मंचन किया जाएगा। 13 अक्टूबर को श्रीराम बारात की झांकी व बीस अक्टूबर को दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इसके उपरांत जहां 21 अक्टूबर को भरत मिलाप की झांकी निकाली जाएगी। वहीं अगले दिन प्रभु श्रीराम का राज्यभिषक किया जाएगा, जिस कार्यक्रम का आयोजन सिद्ध बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर में होगा।

गौरव / रजनी अरोड़ा

बच्चो, हमारे देश को आजाद कराने में महात्मा गांधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गांधी जी के विचार और उनके संदेशों ने सिर्फ भारत ही नहीं, पूरी दुनिया के लोगों को प्रभावित किया। यही वजह है कि अपने देश के अलावा दुनिया के कई देशों में भी महात्मा गांधी की भव्य प्रतिमाएं स्थापित हैं। दुनिया भर में मौजूद महात्मा गांधी की कुछ प्रतिमाओं के बारे में जानो।

दुनिया के कई देशों में हैं महात्मा गांधी की प्रतिमाएं



लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर स्थित प्रतिमा

बच्चो, महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के नायक होने के साथ ही, पूरी मानवता और संपूर्ण विश्व के लिए प्रेरणा स्रोत भी रहे हैं। अहिंसा, सत्याग्रह और शांतिपूर्ण प्रतिरोध के उनके विचार पूरी दुनिया में आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके जीवनकाल में थे। कई देशों में स्थापित गांधी जी की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं।

यूनाइटेड किंगडम: हमारे देश में लगभग 200 साल तक शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ गांधी जी ने जीवन भर संघर्ष किया था। उसी देश की राजधानी लंदन के पार्लियामेंट स्क्वायर पर 2015 में उनकी कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है। इसकी स्थापना गांधी जी के दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटकर स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर की गई थी। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर पर भी गांधी जी की प्रतिमा है, जहां उन्होंने कानून की पढ़ाई की थी। ये प्रतिमाएं भारत पर शासन करने वाले ब्रिटिश साम्राज्य पर गांधी जी के प्रभाव को दर्शाने के साथ, ब्रिटेन-भारत के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक भी हैं।

दक्षिण अफ्रीका: दक्षिण अफ्रीका में गांधी जी को उनके शुरुआती सामाजिक और राजनीतिक संघर्ष के लिए भी जाना जाता है। 1893 में जब गांधी जी प्रिटोरिया की यात्रा कर रहे थे, तब उन्हें पीटरमैरित्जबर्ग स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के डिब्बे से नस्लीय भेदभाव के कारण बाहर निकाल दिया गया था। यह घटना उनके जीवन का एक निर्णायक मोड़ साबित हुई और यहीं से उन्होंने रंगभेद तथा अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष का मार्ग अपनाया। इसी ऐतिहासिक महत्व के कारण पीटरमैरित्जबर्ग की चर्च स्ट्रीट पर गांधी जी की एक प्रतिमा स्थापित है। इसके अलावा जोहांसबर्ग में भी उनकी एक प्रतिमा है, जो 24 वर्ष की आयु में दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर उत्पीड़ित और वंचित समुदायों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले युवा गांधी को श्रद्धांजलि देती है। गांधी जी की ये प्रतिमाएं भारत-दक्षिण अफ्रीका के ऐतिहासिक संबंधों की याद दिलाती हैं। साथ ही नेल्सन मंडेला जैसे नेताओं पर गांधी के प्रभाव को भी रेखांकित करती हैं, जिन्होंने रंगभेद के खिलाफ लड़ाई के लिए गांधी जी के अहिंसक प्रतिरोध से प्रेरणा ली थी।



पीटरमैरित्जबर्ग चर्च स्ट्रीट में

संयुक्त राज्य अमेरिका: महात्मा गांधी कभी अमेरिका नहीं गए। लेकिन उस समय के अमेरिकी नागरिकों और मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसे नेताओं पर गांधी जी के विचारों का प्रभाव था। भारत के बाद गांधी जी की सबसे अधिक प्रतिमाएं और स्मारक अमेरिका में ही हैं। न्यूयॉर्क के यूनियन स्क्वायर पार्क, सैन फ्रांसिस्को के एंबार्कडेरो क्षेत्र, वाशिंगटन डीसी में भारतीय दूतावास के सामने, अटलांटा, मोंटाना, ह्यूस्टन जैसी कई जगहों पर उनकी प्रतिमाएं स्थापित हैं। ये मूर्तियां गांधी जी के सत्याग्रह और शांतिपूर्ण अहिंसक प्रतिरोध के दर्शन को वैश्विक प्रतीक के रूप में दर्शाती हैं।



वाशिंगटन डीसी में

जापान: परमाणु हमले का दंश झेल चुके जापान के हिरोशिमा शहर में महात्मा गांधी की प्रतिमा 2023 में स्थापित की गई। मोतायासु नदी के किनारे स्थित यह प्रतिमा, दुनिया को शांति और अहिंसा का संदेश देती है। यहां एडोगावा और सुगिनामी वार्ड में भी गांधी जी की प्रतिमाएं हैं। ये प्रतिमाएं भारत-जापान के बीच दोस्ती और सद्भावना का प्रतीक हैं।

अन्य देशों में भी हैं प्रतिमाएं: स्विट्जरलैंड के जिनेवा में गांधी जी की प्रतिमा शांति के प्रतीक के रूप में खड़ी है। ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा में ग्लीबे पार्क में गांधी जी की कांस्य प्रतिमा उनके मार्गदर्शक सिद्धांतों को दर्शाती है। इसी तरह कनाडा के टोरंटो शहर के पीस पार्क, स्पेन के मैड्रिड, अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स, रूस के मॉस्को, मॉरीशस के मोका शहर में स्थित महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट, ऑस्ट्रेलिया के सिडनी के पास पैरामाटा के जुबली पार्क, दक्षिण कोरिया के सियोल स्थित योनसे विश्वविद्यालय में भी गांधी जी की प्रतिमा स्थापित की गई है। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी में भारतीय सामाजिक एवं सांस्कृतिक केंद्र में 2018 में एक प्रतिमा स्थापित की गई जो युवा पीढ़ी को गांधी जी के मूल्यों से सीख लेने के लिए प्रेरित करती है। *



कैनबरा का ग्लीबे पार्क में

कई अर्ध-प्रतिमाएं भी हैं स्थापित

विभिन्न देशों में गांधी जी की अर्ध-प्रतिमाएं (छाती से ऊपर) भी स्थापित हैं। ये अर्ध-प्रतिमाएं अधिकतर दूतावास परिसर, विश्वविद्यालय कैंपस, संग्रहालय या अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के भीतर सार्वजनिक स्थानों में स्थापित की गई हैं। इनमें से कुछ के बारे में जानो-



- लंदन में अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के लंदन मुख्यालय में गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर एक अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई है।
- दक्षिण अफ्रीका के पीटरमैरित्जबर्ग रेलवे स्टेशन में (जहां से गांधी जी को ट्रेन के प्रथम श्रेणी के कोच से उतारा गया था) गांधीजी की दोतरफा अर्ध-प्रतिमा स्थापित की गई हैं।
- कनाडा के मैनिटोबा शहर के कैनेडियन म्यूजियम फॉर ह्यूमन राइट्स और क्यूबेक सिटी की पार्लियामेंट के सामने।
- नीदरलैंड्स, द हेग के हॉब्बेमाप्लाइन में।
- साइप्रस में संसद भवन के पास भी ऐसी प्रतिमा है।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के नॉर्थ लॉन में।
- बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में भी ऐसी प्रतिमा है।

आओ याद करें महात्मा गांधी के साथ लाल बहादुर शास्त्री को भी



ज्ञानवार्ता

वसीम अहमद नगरामी

कल विद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर के लिए विद्यालय की ओर से सभी बच्चों को कुछ-न-कुछ बोलने-सुनाने के लिए कहा गया था। इसलिए अनहद और अंकिता समारोह की तैयारियों में व्यस्त थे। लेकिन वे सोच नहीं पा रहे थे, आखिर तैयारी किस ढंग से की जाए, आइडिया कहां से लिया जाए? थोड़ा सोचने के बाद उनके दिमाग में आया कि सबसे अच्छी जानकारी तो दादी जी से ही मिल सकती है। अनहद और अंकिता तुरंत दादी के कमरे में जा पहुंचे।



अनहद ने बताया, 'दादी, कल गांधी जयंती है। हमारे स्कूल में कल इसे धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के जाने-माने लोग भी आएंगे। ऐसे में हम लोगों को कुछ ना कुछ बोलने के लिए अच्छी तैयारी करके आने को कहा गया है, लेकिन दादी हम लोग कैसी तैयारी करके जाएं, कुछ भी समझ में नहीं आ रहा है।' दादी मुस्कुरा कर बोलीं, 'बस इतनी सी बात है, आओ बैठो मैं बताती हूं। तुम दोनों गौर से मेरी बातें सुनो। इस जानकारी के आधार पर चाहे निबंध, चाहे कविता रच लेना, कोई भाषण या फिर कोई और प्रेरक कथा लिख लेना।' दादी की यह बात सुनकर अनहद और अंकिता की खुशी का ठिकाना न रहा। दोनों दादी के समीप बैठ गए। उन्होंने महात्मा गांधी के बाल्यकाल से लेकर बैरिस्ट्री की पढ़ाई तक जानकारी दी। भारत की आजादी के लिए किए गए उनके संघर्षों की जानकारी दी। इससे जुड़ी प्रेरक कथाएं बताईं। जिसे सुनकर अनहद और अंकिता बहुत भाव-विह्वल हुए। दादी का गला दास्तान सुनाते-सुनाते कई बार भर्रा गया था। उन्होंने यह भी बताया, 'महात्मा गांधी की तरह ही, इसी दिन एक और महापुरुष लाल बहादुर शास्त्री की भी जयंती मनाई जाती है। शास्त्री जी में देशभक्ति कूट-कूट कर भरी थी। वे त्याग की प्रतिमूर्ति थे। उनमें स्वाभिमान, समर्पण, सादगी, ईमानदारी के गुण थे। बहुत छोटी उम्र में उन्हें ही देश की चिंता सताने लगी थी। शीघ्र ही वे नरम दल के प्रभाव में आए और गांधी जी से प्रेरित होकर उनके अनुयायी हो गए। जब वे देश के दूसरे प्रधानमंत्री बने तब भी उन्होंने ईमानदारी, सच्चाई और सादगी का दामन नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए भी उन्होंने कभी अपने परिवार को यह आभास नहीं होने दिया कि वे एक साधारण इंसान से ऊपर हैं। जहां गांधी जी ने करो या मरो का नारा दिया, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा बुलंद कर देश के किसानों और जवानों दोनों का हौंसला बढ़ाया। देश में अकाल के समय में जहां अन्न की कमी नहीं होने दी, वहीं पाकिस्तान के साथ युद्ध के समय जवानों में जोश भर कर देश की सीमाओं की सुरक्षा को भी चाक-चौबंद बनाए रखा।' दादी द्वारा दी गई जानकारी को खूब अच्छे से सुनकर अनहद ने जहां एक ओजपूर्ण भाषण तैयार किया, वहीं अंकिता ने एक नन्ही-सी कविता रची। अगले दिन सुबह दोनों विद्यालय पहुंचे। विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई थीं। दोनों ने विद्यालय में आयोजित गांधी जयंती समारोह में हिस्सा लिया। अनहद को उसके ओजस्वी भाषण के लिए जहां प्रथम पुरस्कार मिला, वहीं अंकिता को उसकी गांधी-शास्त्री जयंती पर आधारित कविता के लिए भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अनहद और अंकिता के दादा-दादी भी दर्शक-दीर्घा में मौजूद थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

मजेदार कल्पनाओं भरे गीत

बच्चो, डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री के 25 शिशु गीतों की नई किताब प्रकाशित हुई है। 'नन्हे-मुन्ने गीत हमारे' शीर्षक से प्रकाशित इस शिशु गीत संग्रह को रचनाकार ने अपने गुरुदेव बाल साहित्यकार संत कुमार बाजपेई को समर्पित किया है।



संग्रह की भोली और नटखट कविताओं को पढ़कर तुम्हें खूब मजा आएगा। छोटे-छोटे गीतों की मजेदार कल्पनाएं बड़ी अनूठी हैं। जैसे- 'भालूजी' कविता में भालू गरम जलेबी खाता है। 'पक्का दोस्त' कविता में टमाटर-मटर में लड़ाई होती है और आलू उनका बचाव करता है। 'बंदर जी' में एडमिशन के बाद बंदर सबसे दोस्ती करता है और अपने टिफिन से दोस्तों को खिलाता भी है। ऐसे ही कविता 'धूप' बहुत ही रोचक है, जिसमें सर्दी के मौसम में मॉल से झोला भर-भर धूप लाने की गजब कल्पना है। 'लेनी पड़ी दवाई' कविता में सूरज दादा को खांसी-जुकाम के कारण दवा खानी पड़ती है।

ऐसे ही कुछ कविताओं में नटखट सवाल और शिकायतें भी हैं। जैसे 'आसमान में तारे' कविता में जिज्ञासा भरा सवाल है कि आसमान के तारे दिन में कहां खो जाते हैं और क्या फिर उनके मम्मी-पापा भी उन्हें खोजने जाते होंगे? 'ठीक नहीं मनमानी' शीर्षक कविता में सूरज से मनमानी करने पर गुस्से भरी रिक्वेस्ट भी है।

संग्रह में 'मेरे दादू', 'रेल', 'गांव', 'बनूंगा सैनिक', 'मम्मी जी', 'तितली रानी', 'फूल', 'बाल ले गया कौआ' जैसे शिशु गीत भी बहुत रोचक-मनोरंजक हैं।

किताब का आकर्षक रंगीन कवर और कविताओं के साथ बने ब्लैक एंड व्हाइट चित्र भी तुम्हें खूब पसंद आएंगे। *

किताब: नन्हे-मुन्ने गीत हमारे (शिशु गीत संग्रह), **रचनाकार:** डॉ. वेद प्रकाश अग्निहोत्री, **मूल्य:** 199 रुपए, **प्रकाशक:** नमन प्रकाशन, लखनऊ

कहानी

सरस्वती रमेश

2 अक्टूबर को रिमझिम और सरगम को स्कूल नहीं जाना था, पापा ने कहा कि हम गांधी जयंती घर पर मनाएंगे। बच्चे चौंके, घर में कैसे गांधी जयंती मनाएंगे! लेकिन घर पर गांधी जयंती मनाई गई। है तो जरूर यह चौंकाने वाली बात, पर बच्चों ने अपने पापा-मम्मी के साथ घर में गांधी जयंती मनाई, गांधी जी के आदर्शों के अनुरूप।

घर पर गांधी जयंती!



पापा, 2 अक्टूबर को हमारी छुट्टी है। हम कहीं घूमने चलें?' रिमझिम ने उत्साह से पूछा।

'क्यों?' 2 अक्टूबर को तो गांधी जयंती है। तुम्हारे स्कूल में गांधी जयंती नहीं मनाई जाएगी क्या?' पापा ने पूछा।

'वह तो 1 अक्टूबर को ही मना लेंगे। फिर 2 अक्टूबर को तो छुट्टी है!' रिमझिम ने बताया।

'तो ठीक है, 2 अक्टूबर को हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे।' पापा बोले।

'घर पर..! लेकिन गांधी जयंती घर पर कैसे मनाएंगे?' सरगम ने आश्चर्य से पूछा, 'गांधी जयंती पर तो भाषण होते हैं और भी कई कार्यक्रम होते हैं।'

पापा मुस्कुराए, 'गांधी जयंती मनाने के और भी तरीके हैं।'

'क्या..?' दोनों बहनें एक साथ बोलीं।

पापा ने कुछ कहने के लिए मुंह खोला ही था, मम्मी उन्हें देखकर मुस्करा दीं। पापा समझ गए चुप रहना है, सो वह चुप रहे।

अगली सुबह घर में देर तक सन्नाटा रहा। छुट्टी का दिन जो था। पापा, मम्मी, रिमझिम और सरगम देर से उठे। लेकिन उठते ही दोनों बहनों की नजर घर में इधर-उधर पड़ी चीजों पर पड़ी। रसोई में बर्तन फैले थे। झाड़ू ना लगने से घर बहुत गंदा लग रहा था। यह सब देखर दोनों बहनों की नींद गायब ही हो गई।

'ओह! घर की तो हालत ही खराब है!' रिमझिम बोली।

मम्मी ने कहा, 'आज ज्योति आंटी छुट्टी पर हैं। इसलिए हमें अपना काम खुद ही करना होगा।'

'लेकिन हम कैसे करेंगे?' सरगम तुरंत बोली, 'ये तो ज्योति आंटी का काम है।'

मम्मी बोलीं, 'तो क्या आज घर का काम नहीं होगा? सामान इसी तरह बिखरा रहेगा। साफ-सफाई नहीं होगी?'

दोनों बहनें चुप।

'चलो, पहले बर्तन धो लेती हूं। उसके बाद सब मिलकर घर साफ करेंगे।' मम्मी दोनों बेटियों के कंधे पर प्यार से हाथ रखते हुए बोलीं।

'लेकिन मुझे तो बहुत भूख लगी है।' सरगम ने पेट पर हाथ रखते हुए कहा।

'मुझे भी!' रिमझिम बोली।

पापा झट से झाड़ू उठा लाए, बोले, 'भई, मैं तो भूखा नहीं रह सकता। मैं अपना कमरा साफ करता हूं। ताकि तुम्हारी मम्मी खाना बना सकें।'

पापा को झाड़ू लगाते देखकर दोनों बहनें एक-दूसरे का मुंह देखने लगीं। आखिरकार सरगम धीरे से बोली, 'चलो, हम भी सफाई करते हैं।'

दोनों अपने कमरे में पहुंचीं। पहले उन्होंने बिखरे कपड़े समेटे, फिर अलमारी ठीक की। कुछ देर बाद सरगम के हाथ में झाड़ू थी और रिमझिम पोंछा लगाने लगी।

उधर मम्मी रसोई संभाल रही थीं। पापा कपड़े धोने में जुट गए थे। कुछ ही देर में घर में बिखरा सारा सामान व्यवस्थित ढंग से लग गया।

'देखो, मेरा कमरा कितना साफ हो गया!' रिमझिम खुशी से चिल्लाई।

'और देखो, मैंने सारे कपड़े तह करके रख दिए!' सरगम ने अपनी अलमारी दिखाते हुए कहा।

अब दोनों बहनें मम्मी के पास जा पहुंचीं।

'मम्मी, हम आपकी मदद करें?' दोनों ने एक स्वर में पूछा।

मम्मी ने मुस्कुराकर कहा, 'क्यों नहीं!'

दोपहर तक घर चमकने लगा था। सब थक चुके थे, लेकिन आज खाने की मेज पर बैठते ही सबके चेहरों पर अलग ही खुशी थी। 'आज खाना कुछ ज्यादा स्वादिष्ट लग रहा है।' पापा ने कहा।

'क्योंकि आज भूख भी ज्यादा लगी है!' सरगम हंसते हुए बोली।

सब हंस पड़े।

खाने के बाद सबने थोड़ी देर आराम किया। शाम को सभी आंगन में बैठे। रिमझिम ने अचानक पापा से पूछा, 'पापा, आपने कहा था न कि हम घर पर गांधी जयंती मनाएंगे। लेकिन हमने तो न कोई भाषण दिया, न कोई कार्यक्रम किया फिर गांधी जयंती कैसे मनाई?'

पापा ने मम्मी की ओर देखा। वह मुस्कुराते हुए बोलीं, 'आज हमने वही किया, जो गांधीजी हमें सिखाते थे।'

'क्या?' दोनों बहनों ने पूछा।

'अपने काम को छोटा न समझना और अपना काम खुद करना। ज्योति आंटी हमारी सहायता के लिए हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम अपने काम से पूरी तरह मुंह मोड़ लें। गांधीजी किसी काम को छोटा नहीं समझते थे। अपने काम के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं रहते थे।' मम्मी बोलीं। 'किसी महान व्यक्ति को याद करने का सबसे अच्छा तरीका केवल उनके बारे में बोलना नहीं, बल्कि उनकी अच्छी सीख को अपने जीवन में उतारना भी है।' पापा ने कहा।

दोनों बहनें चुपचाप एक-दूसरे को देखने लगीं। सरगम बोली, 'मतलब, आज हमने गांधीजी के बारे में सिर्फ बात नहीं की, बल्कि उनकी एक सीख पर अमल भी किया?'

'बिल्कुल!' पापा बोले।

रिमझिम के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

'तो पापा, अगले साल गांधी जयंती पर घूमने नहीं जाएंगे?' रिमझिम ने पूछा।

'क्यों?' पापा ने पूछा।

'पहले घर की सफाई करेंगे, फिर घूमने जाएंगे!' मम्मी बोलीं।

इस बात पर सब जोर से हंस पड़े। *

कविता

घमंडीलाल अग्रवाल



दिन दो अक्टूबर का आया!

एक नहीं दो नेताओं की
मीठी-मीठी यादें लाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
लाठी और लंगोटी वाले
राष्ट्रपिता वह तो थे गांधी,
जो दुनिया भर में ले आए
सत्य-अहिंसा वाली आंधी।
नहीं तोप-बंदूक चलाई
पर भारत आजाद कराया।
दिन दो अक्टूबर का आया!
और दूसरे लाल बहादुर
शान बने भारत महान की,
जिसने बुलवाई जन-जन से
जय जवान की, जय किसान की।
रहे सादगी से जीवन भर
दोनों जन की याद दिलाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!
हम सब काम करें उन जैसे
यह संकल्प आज दोहराएं,
आम आदमी खुश हो जिसमें
सुंदर, स्वस्थ समाज बनाएं!
तभी सार्थक होगा सपना
जो था पहले गया सजाया,
दिन दो अक्टूबर का आया!

जीके क्विज-225

1. महात्मा गांधी का जन्म कहां हुआ था?
2. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष लौटे थे?
3. गांधी जी अपना राजनीतिक गुरु किसे मानते थे?
4. महात्मा गांधी की पत्नी का नाम क्या था?
5. महात्मा गांधी का स्मारक कहां स्थित है?
6. गांधी जी को सबसे पहले 'महात्मा' किसने कहा था?
7. गांधी जी ने गुजरात में कौन-सा आश्रम स्थापित किया था?
8. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री का क्रम क्या था?
9. एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने कौन-सा पदक जीता है?
10. एशियन गेम्स 2026 में मीराबाई चानू ने किस खेल में सिल्वर मेडल जीता है?



बच्चो, जीके क्विज-225 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-224 का उत्तर : 1. अभिषेक शर्मा, 2. अनंत नाग, 3. ओडिशा, 4. एलेना रायबाकिना, 5. चीता, 6. मुंबई, 7. क्लीमेंट एटली, 8. हीरा, 9. हाइड्रोजन, 10. शक संवत

जीके क्विज-224 का सही उत्तर देने वाले : समायरा-रायपुर, षडानन-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, ज्योति-राजनांदगांव, हर्ष-रोहतक, कविता-कटनी, दिशा-महासमुंद, सुमन-बलौदा बाजार, कल्पेश-रायपुर, जयंत-बिलसपुर

अंतर बताओ

बच्चो, यहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में सात अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1. गांधी जी की कमर पर पड़ी लंगोटी का रंग अलग है। 2. गांधी जी के जबड़े पर दाढ़ी नहीं है। 3. मेज का रंग अलग है। 4. पीठ पीछे पर बनी डेस्क की आकृति अलग डिजाइन की है। 5. दिए की लौ गायब है। 6. पीछे दिख रही खिड़की का दरवाजा दूसरी तरफ है। 7. पीछे रखे घड़े की मौजूदगी अलग डिजाइन की है।

एक जैसा चित्र खोजो

बच्चो, यहां बाईं तरफ महात्मा गांधी का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। दाईं तरफ उससे मिलते-जुलते 4 चित्र दिए गए हैं। तुम ध्यान से देखकर बताओ कि दिए गए चार चित्रों में से कौन-सा चित्र बाईं तरफ वाले चित्र से हू-ब-हू मिलता है।



उत्तर: D

आगामी 5,6 और 7 अक्टूबर को की जाएगी दो घंटे की हड़ताल

मांगों को लेकर नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर जताया रोष

■ हरियाणा नर्सिंग एसो. की उपाध्यक्ष कविता गुलिया के नेतृत्व में अस्पताल के मुख्य द्वार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। अस्पताल के मुख्य द्वार पर काले बिल्ले लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए नर्सिंग अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा नर्सिंग एसोसिएशन के आह्वान पर वीरवार को नर्सिंग अधिकारियों ने काले बिल्ले लगाकर सरकार के प्रति अपनी नाराजगी जताई।

हरियाणा नर्सिंग एसोसिएशन की उपाध्यक्ष कविता गुलिया के नेतृत्व में नर्सिंग एसोसिएशन सदस्यों ने अस्पताल के मुख्य द्वार पर खड़े होकर प्रदर्शन किया वहीं ड्यूटी के समय काले बिल्ले लगाकर अपना विरोध दर्ज कराया। एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष अंजू चाहर ने बताया कि आंदोलन की अगली कड़ी के अंतर्गत वे 5, 6 और 7 अक्टूबर को प्रदेश भर में सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक दो घंटे की हड़ताल पर रहेंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष कविता गुलिया ने कहा कि नर्सिंग कर्मचारियों की मंशा सरकार का विरोध करना नहीं है, बल्कि अपनी जायज मांगों और समस्याओं के समाधान के लिए आवाज उठाना है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कर्मचारी लगातार सरकार को अपनी समस्याओं से अवगत करा रहे हैं, लेकिन अभी तक उनका कोई समाधान नहीं किया गया है। इसी कारण कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने सरकार से नर्सिंग कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार कर जल्द समाधान की अपील की।

ये रहे मौजूद

इस मौके पर नर्सिंग अधिकारी प्रमिला, सुमन दहिया, मंजू रोहिल्ला, प्रियंका, मोनिका, ममता, मधु, संगीता, ज्योति, मंजू सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

ई-खरीद पोर्टल शुरू, किसानों के काटे गेट पास, 9031 क्विंटल बाजरा आया

पोर्टल पर रिकॉर्ड में किसानों का डेटा शून्य दिखाई देने की समस्या आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। किसान द्वारा मंडी लाई गई फसल को पोर्टल पर चढ़ाते हुए ऑपरेटर।

जिले की अनाजमंडियों में ई-खरीद पोर्टल शुरू हो गया। स्थानीय अनाज मंडी के तीनों गेटों पर ऑपरेटरों ने किसानों के गेट पास काटे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस कर्मी की भी तैनाती जिला प्रशासन द्वारा की गई है।

वीरवार को कुल 289 किसानों के गेट पास काटे गए, जिनके माध्यम से 9031.40 क्विंटल बाजरे की आवक हुई। इसके अलावा 24 किसानों द्वारा करीब 890 क्विंटल धान मंडी में लाया गया। मंडी में करीब 500 क्विंटल धान की प्राइवेट खरीद हुई। आढ़तियों ने हाथ से निकले धान की बोली 4400 रुपये प्रति क्विंटल तक लगाई, जबकि मशीन से निकले धान की खरीद 3900 से 4250 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई। ई-खरीद पोर्टल पर गेट पास कटवाने के दौरान कुछ किसानों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। किसानों के पोर्टल पर रिकॉर्ड में उनका डेटा शून्य दिखाई देने की समस्या आई। इफको केंद्र, दुकान नंबर 44, किसान सदन और हरियाणा बीज विकास निगम के बीज बिक्री केंद्र पर किसानों को करीब 900 क्विंटल गेहूं के बीज का वितरण किया गया।

बादली कॉलेज में ली नशे के विरुद्ध शपथ दिलाई



बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत अभियान के 6 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एनसीसी यूनिट द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने, स्वयं नशा न करने तथा परिवार एवं समाज के लोगों को भी नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। एनसीसी अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह ने भी युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया।

खबर संक्षेप



महिला संस्कृति केंद्र बना अपनेपन का स्थान

झज्जर। गांव तलाव में दोपहर का समय अब महिलाओं के लिए केवल घर के कामकाज तक सीमित नहीं रहा। गांव की महिलाएं अपने रोजमर्रा के कार्यों से समय निकालकर महिला संस्कृति केंद्र में एकत्र होती हैं। कोई ढोलक संभालती है, कोई हारमोनियम तो कोई खड़ताल और डफली की थाप के साथ लोक गीतों में सुर मिलाती है। बुजुर्ग महिलाओं से लेकर नई बहुओं और किशोरियों तक की मौजूदगी से केंद्र में ऐसा माहौल बनता है, जहां गीत-संगीत के साथ अनुभव और नई सोच का भी मेल होता है। विकास एवं पंचायत विभाग की योजना के तहत स्थापित महिला संस्कृति केंद्र अब गांव की महिलाओं के लिए अपनेपन का स्थान बन गया है।



छात्राओं ने विद्यालय परिसर में की सफाई

बहादुरगढ़। शहर के वैश्य आर्य पब्लिक स्कूल में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के पश्चात सभी छात्राओं ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय और खेल के मैदान में बढ़-चढ़कर साफ-सफाई की। छात्राओं ने श्रमदान एवं स्वच्छता के महत्व को समझा। सभी शिक्षकों एवं छात्राओं ने स्वच्छ भारत के निर्माण में योगदान की शपथ ली। प्रधानाचार्या अंजू अग्रवाल ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा स्वच्छता स्वस्थ जीवन का आधार है। हमें अपने घर के साथ आसपास के वातावरण को भी साफ और सुंदर बनाना चाहिए।



बैंक परिसर में कर्मचारियों ने की सफाई

झज्जर। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अग्रणी मुख्य प्रबंधक राजीव रंजन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। संस्थान निदेशक उमेश भूकर ने बताया कि इस दौरान संस्थान परिसर में साफ-सफाई की गई और मुख्यातिथि के साथ मिलकर सभी संस्थान सदस्यों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।



विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली बारे जानकारी दी

झज्जर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान साल्हावास में विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन एवं कौशल विकास के उद्देश्य से मोटिवेशनल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं अतिथि के रूप में आर्च एन्यू प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नरेश चौहान ने शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को औद्योगिक क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों, नवीनतम तकनीकों तथा कॉर्पोरेट जगत की कार्यप्रणाली बारे में जानकारी दी। विद्यार्थियों को वर्तमान औद्योगिक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल को विकसित करने और करियर के प्रति गंभीरता से प्रयास करने के लिए भी प्रेरित किया।

100 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



राष्ट्रीय रक्तदान दिवस के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत संस्कारम अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, अस्पताल स्टाफ सहित अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 100 से अधिक यूनिट रक्तदान किया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दुर्घटनाओं, गंभीर बीमारियों, प्रसव एवं चिकित्सकीय आपात स्थितियों में रक्त की आवश्यकता और समय पर रक्त उपलब्ध होने के महत्व का संदेश दिया। नाटक के जरिए उन्होंने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने तथा स्वस्थ लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए भी प्रेरित किया। डॉक्टर मुनीष डागर ने रक्तदान की प्रक्रिया, आवश्यकता और नियमित स्वैच्छिक रक्तदाताओं की भूमिका के बारे जानकारी दी। डॉक्टर रितिका ने रक्तदान को सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाने का आह्वान किया। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को टी-शर्ट, मग, छतरी और प्रमाण-पत्र सहित विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन पर डॉक्टर प्रियंका डागर ने रक्तदाताओं, विद्यार्थियों, चिकित्सकों और आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों का आभार जताया।

न्यूज डायरी



छात्रों को पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी दी

झज्जर। कैम्ब्रिज इंटरनेशनल वमावि भदाना में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डालसा सचिव एवं सीजेएम विशाल के मार्गदर्शन में भेजी गई टीम के सदस्य संदीप कुमार व सरोज ने विद्यार्थियों को मध्यस्थता शाखा और पोक्सो एक्ट बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि आपसी विवादों का समाधान न्यायालय की लंबी प्रक्रिया से पहले संवाद और समझौते के माध्यम से किया जा सकता है। सरोज ने विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट के अंतर्गत बच्चों के अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण की जानकारी देते हुए अनुचित व्यवहार या शोषण की स्थिति में अभिभावक, शिक्षक अथवा संबंधित विभाग को सूचना देने के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज में सेवा फर्स्ट का दिया संदेश



बहादुरगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत बादली के राजकीय महाविद्यालय बादली में सेवा फर्स्ट न्यू इनोवेशन चेलेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी गौसेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष दिनेश शेखावत ने विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्टार्टअप, स्वरोजगार, उद्यमिता तथा केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. आनंद काद्यान ने विद्यार्थियों से इस जानकारी का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

जसोरखेड़ी कॉलेज में की सफाई



बहादुरगढ़। जसोरखेड़ी के राजकीय महिला महाविद्यालय में गांधी जयंती के उपलक्ष्य में एक दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों को आत्मसात करते हुए छात्राओं ने स्वच्छता, श्रम एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया। एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ करते हुए कॉलेज प्राचार्य डॉ. संदीप किराड़ ने विद्यार्थियों से स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. सुनैना की देखरेख में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर एवं खेल मैदान में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया।



संस्कृत प्रश्नोत्तरी में नैन्सी ने मारी बाजी

झज्जर। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में संस्कृत साहित्य परिषद् के तत्वावधान में संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन संस्कृत विभागाध्यक्ष माधव प्रसाद वोस्ती ने किया। प्रतिभागी विद्यार्थियों में से बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नैन्सी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रिया एवं बीए तृतीय वर्ष की छात्रा तन्नु ने संयुक्त रूप से दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संस्कृत प्राध्यापक कृष्ण कुमार ने प्रतियोगिता का निर्णय किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से संस्कृत साहित्य के विभिन्न पक्षों वेद, उपनिषद्, दर्शन, व्याकरण, पुराण, रामायण, महाभारत, महाकाव्य तथा नाटकों से अनेक प्रकार के प्रश्न पूछे गए।

महिला प्रवक्ता को हिरासत में रखने पर भड़की आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता अभिता द्विजा को बुधवार रात बादली थाना पुलिस द्वारा अवैध हिरासत में लेकर बहादुरगढ़ महिला थाना भेजने पर आप कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि युवाओं के रोजगार और लंबित भर्तियों के मुद्दे पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जाने के दो दिन बाद की गई यह कार्रवाई अलोकतांत्रिक है। अभिता द्विजा ने बताया कि उन्होंने अन्य नेताओं के साथ 28 सितंबर को युवाओं के रोजगार एवं लंबित भर्तियों से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। इसमें लंबित भर्तियों को जल्द पूरा करने, भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाने, लंबित परीक्षाओं की तिथि घोषित करने तथा स्वीकृत पदों को फ्रीज किए जाने के मुद्दे उठाए गए थे। लेकिन बुधवार 30 सितंबर को बादली निवासी संदीप गुलिया को पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की जानकारी सामने आई। संदीप गुलिया की पत्नी संजू से जानकारी मिलने के बाद आप की प्रदेश प्रवक्ता अभिता द्विजा थाने पहुंचीं। उन्होंने पुलिस से संदीप को हिरासत में लेने का कारण पूछा तथा कार्रवाई से संबंधित दस्तावेज और लिखित आदेश की जानकारी मांगी। बातचीत के दौरान उन्होंने घटनाक्रम की रिकॉर्डिंग भी की। फिर अभिता द्विजा को भी हिरासत में लेते हुए रात करीब साढ़े 12 बजे महिला थाना बहादुरगढ़ लाया गया। हालांकि संदीप गुलिया और अभिता द्विजा को वीरवार दोपहर छोड़ दिया गया। आप नेता सुरेंद्र नागल ने थाने में सिविल ड्रेस में मौजूद कुछ लोगों द्वारा कथित दुर्व्यवहार करने का आरोप भी लगाया गया है। हरीश कुमार ने कहा कि यदि हिरासत एहतियाती कार्रवाई के तहत की गई थी तो उसका कानूनी आधार स्पष्ट किया जाए।



विद्यार्थियों को दिया अनुशासन का संदेश

झज्जर। वीरवार को आरईडी स्कूल में नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक जितेंद्र सिंह अहलावत ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल विषयों का ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, चरित्र, अनुशासन और जिम्मेदारी का विकास करना भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को विनम्र एवं सम्मानपूर्ण व्यवहार करने के साथ अपने कार्यों के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ रहने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस जवान सशस्त्र एवं दंगा-रोधी उपकरणों से लैस रहे

पुलिस के जवानों ने किया मॉक ड्रिल अभ्यास



झज्जर। पुलिस लाइन मैदान में मॉक ड्रिल के दौरान उपस्थित जवान एवं डीसीपी धारणा यादव।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ आमजन की सुरक्षा तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता : एसीपी प्रदीप

स्थानीय पुलिस लाइन मैदान में किसी भी प्रकार की विपरीत एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए पुलिस की विशेष रूप से प्रशिक्षित सशस्त्र पुलिस बल की दो टुकड़ियों द्वारा मॉक ड्रिल का अभ्यास किया गया।

एसीपी प्रदीप खत्री के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा किसी भी चुनौती से प्रभावी ढंग से निपटने का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस जवान सशस्त्र एवं दंगा-रोधी उपकरणों से लैस रहे। डीसीपी धारणा यादव ने कहा कि किसी भी अप्रिय या आपातकालीन परिस्थिति में पुलिस जवानों को धैर्य एवं संयम बनाए रखते हुए एकजुट होकर स्थिति को नियंत्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आमजन की सुरक्षा तथा कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है।



मातनहेल और साल्हावास में आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाओं को स्वस्थ खानपान की दी जानकारी

झज्जर। सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को आंगन मिलन सेवा मॉड्यूल के अंतर्गत खंड मातनहेल और साल्हावास में आंगनवाड़ी केंद्रों पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। साल्हावास में सीडीपीओ राजबाला, मातनहेल में सुपरवाइजर सुमन रानी, छुछकवास में सुपरवाइजर रश्मि के नेतृत्व में पोषण गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों से संवाद कर पोषण, बच्चों की वृद्धि एवं विकास, स्वस्थ खान-पान और अच्छे व्यवहार सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई।

शहीद सुजीत कुमार रा. व. मा. वि. सिद्धिपुर (बहादुरगढ़)
नकारा भवन नीलामी सूचना
आम जनता को सूचित किया जाता है कि झज्जर जिले के बहादुरगढ़ खण्ड के सिद्धिपुर गांव के शहीद सुजीत कुमार रा. व. मा. वि. की गर्ल्स इमारत की नीलामी दिनांक 6/10/26 को प्रातः 11 बजे विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। इसकी शुरूआती कीमत 7,97,000/- रुपये (सात लाख सतानवे हजार) तय की गई है। नीलामी की नियम व शर्तें निम्न प्रकार हैं- 1. प्रत्येक बोलीदाता को 10 प्रतिशत डिमांड ड्राफ्ट धरोहर राशि के रूप में विद्यालय मुखिया के नाम देना होगा। 2. सफल बोलीदाता को कुल कीमत का 25% डिमांड ड्राफ्ट मौके पर विद्यालय मुखिया के नाम देना होगा। शेष 75% राशि तुड़ाई का कार्य प्रारम्भ होने या नीलामी के 7 दिन के अन्दर-अन्दर जमा करना होगा। 3. नीलामी उपरान्त तय समय सीमा में मलबा उठाना होगा व नीलामी स्थल समतल करके देना होगा। अन्यथा इसके बाद धरोहर राशि जब्त की भी जाएगी। विद्यालय मुखिया की NOC उपरान्त ही बोलीदाता को उपरोक्त धरोहर राशि वापस की जाएगी। 4. अतिरिक्त नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी। 5. नीलामी निरस्त करने का अधिकार कमेटी के पास होगा।
प्राचार्य-
शहीद सुजीत कुमार Govt. Sr. Sec. School
Shidipur. M. 9911305693

पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि, उनके बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प

जयंती पर गांधी व शास्त्री को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पैरामाउंट स्कूल छुछकवास में वीरवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक इंद्रजीत सिंह फौगाट ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भी उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। वहीं विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई।



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। पोस्टर एवं स्लोगन दिखाते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

महात्मा गांधी के जीवन पर आधारित लघु नाटिका का किया मंचन

झज्जर। एलए स्कूल में महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान ने बताया कि प्रातः कालीन सभा में स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया व स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। उन्होंने दोनों महापुरुषों को राष्ट्र की अनमोल धरोहर बताते हुए विद्यार्थियों को उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी का रूप धारण कर डांडी मार्च निकाला व उनके जीवन पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति दी।



झज्जर। लघु नाटिका के दौरान डांडी मार्च की झांकी निकालते हुए विद्यार्थी।

राष्ट्रपिता का जीवन सत्य, अहिंसा और स्वच्छता का देता है संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में वीरवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न शैक्षणिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के विचारों, स्वच्छता के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा। समारोह के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए थीम एक्टिविटी, क्लीन इंडिया–ग्रीन इंडिया, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कोलाज मेकिंग तथा स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। क्लीन इंडिया–ग्रीन इंडिया गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट गतिविधि में बच्चों ने अनुपयोगी वस्तुओं का रचनात्मक उपयोग करते हुए आकर्षक सामग्री तैयार की। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, सादगी और स्वच्छता का प्रेरणादायक संदेश देता है।



एमआर स्कूल में मनाई गांधी व शास्त्री जयंती

झज्जर। एमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल हसनपुर में वीरवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और देशभक्ति के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत दोनों महान नेताओं के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। विद्यार्थियों ने भाषण, देशभक्ति गतिविधियों, नाटक एवं रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से सत्य, अहिंसा, सादगी, अनुशासन, स्वच्छता और राष्ट्रसेवा का संदेश दिया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को गांधी के आदर्शों को जीवन में अपनाने तथा जिम्मेदार एवं संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रपिता की जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

झज्जर। इंडो-अमेरिकन स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गांधी जी के जीवन एवं संघर्षों पर आधारित नाट्य प्रस्तुति देकर सत्य, अहिंसा, सादगी और स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही देशभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं का वाचन किया गया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने बताया कि इस दौरान छठी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छठी कक्षा में राशी ने प्रथम, तनिष्का ने द्वितीय और प्रियांशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सातवीं में रिद्धिमा प्रथम और दिव्यांशी द्वितीय रही। आठवीं कक्षा में भारती पहले, मायरा दूसरे और मान्या तीसरे स्थान पर रही। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में बारहवीं कक्षा की इच्छा ने प्रथम तथा दीपिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।





पोस्टर स्पर्धा में सृष्टि रही प्रथम

झज्जर। आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दादनपुर में महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में आठवीं से बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय सत्यनिष्ठा से समृद्धि रखा गया। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से सत्य, ईमानदारी, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया। प्राचार्य गौरव ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता परिणामों में सृष्टि ने प्रथम, रीतिका ने द्वितीय तथा खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।



स्वयंसेविकाओं ने दिया रक्तदान का संदेश

बहादुरगढ़। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर वैश्य आर्य शिक्षण महिला कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर एवं स्लोगन के माध्यम से रक्तदान के महत्व समझाते हुए लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। वाईआरसी काउंसलर सुनीता रानी ने स्वयंसेविकाओं को रक्तदान के महत्व, आवश्यकता तथा भूमिका के बारे में व्याख्यान के माध्यम से जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने लोगों को घर घर जाकर बताया कि रक्तदान जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। लोगों को नियमित एवं स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का संदेश दिया गया। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि रक्तदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा है। युवाओं को आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति समाज में जागरूकता फैलानी चाहिए।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर लिखे स्लोगन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में वीरवार को यूथ रेडक्रॉस सेल के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर स्लोगन लेखन गतिविधि का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपने रचनात्मक लेखन के माध्यम से रक्तदान के मानवीय एवं सामाजिक महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने छात्राओं को रक्तदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि एक व्यक्ति द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के लिए जीवन की आशा बन सकता है। उन्होंने छात्राओं को समाज में रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों को दूर करने तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। वाईआरसी काउंसलर डॉ. शालू शर्मा ने राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। स्लोगन लेखन गतिविधि में जानवी, ईशु, सिमरन, हिमानी, महक, निकिता, संजना, गीतिका, सानया, रिया, खुषी, तनु, स्नेहा, रोजी सहित अन्य छात्राओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।





उद्यमियों को किया जागरूक

बहादुरगढ़। ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स की ओर से वीरवार को विश्व मानक दिवस के उपलक्ष्य में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक राजेश जून ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा फुटवियर पार्क एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ ही बीआईएस के अधिकारियों ने विधायक राजेश जून का स्वागत किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। बेहतर विश्व के लिए साझा दृष्टिकोण : सतत विकास लक्ष्य, सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा विषय के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने, ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने और सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में गुणवत्ता मानकों की भूमिका पर जोर दिया गया।

सेक्टर-6 में मनाया सीनियर सिटीजन-डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



वीरवार को सेक्टर-6 स्थित सीनियर सिटीजन क्लब में वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक राजेश जून ने अपनी निजी कमाई से एक लाख एक हजार रुपए दिए। क्लब के सदस्यों ने विधायक को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विधायक ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव और आशीर्वाद से नई पीढ़ी को मार्गदर्शन मिलता है। विधायक ने कहा कि अगले वर्ष उनकी उम्र भी 60 वर्ष हो जाएगी और उन्हें सीनियर सिटीजन क्लब का सदस्य बनने पर खुशी होगी। इस अवसर पर क्लब के प्रधान रामनिवास, हरकिशन दहिया, हरस्वरूप रूहिल, जयपाल सांगवान, रामचंद्र रूहिल, राममेहर जून, धर्म कादयान, सुबेदार हवा सिंह, रण सिंह डागर, राजेंद्र दलाल, धनराज तहलान, पवन हुड्डा, सतनारायण देशवाल, अशोक शर्मा, तेजा पहलवान, करण सिंह दलाल, सतबीर ओहल्यान, ईशवर सिंह, रामफूल एडवोकेट आदि बुजुर्ग मौजूद रहे।

मार्केट न्यूज

गांधी जयंती पर ज्ञान ज्योति स्कूल में श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया गया समारोह



कासनी। (झज्जर)। ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कासनी में 2 अक्टूबर 2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने महात्मा गांधी के जीवन, उनके सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के संदेश को याद किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के जीवन एवं विचारों पर आधारित भाषण, कविताएँ तथा विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तुत कीं। विद्यार्थियों को गांधी जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा स्वच्छता एवं अनुशासन के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुनील कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी हमारे लिए प्रेरणादायक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से गांधी जी के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विद्यालय के निदेशक श्री इंदरजीत फोगाट एवं श्रीमती नीलम फोगाट ने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को गांधी जयंती की शुभकामनाएँ दीं तथा कहा कि विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए सदैव प्रेरित रहना चाहिए। कार्यक्रम का समापन महात्मा गांधी के आदर्शों को आत्मसात करने एवं स्वच्छ, शांतिपूर्ण और जिम्मेदार समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए किया गया।

गर्ल्स कॉलेज में हुआ प्रतिभा खोज कार्यक्रम

कन्याओं ने कला कौशल से किया कायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वीरवार को राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्या अलका गुलाटी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन किया। छात्राओं ने नृत्य, गायन, ललित कला एवं साहित्यिक विधाओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया।

नृत्य प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. आशिमा, शीतल श्योराण व आरती रहीं।

गायन प्रतियोगिता का मूल्यांकन डॉ. शिल्पा, डॉ. शीतल एवं डॉ. सुशीला द्वारा किया गया। ललित कला प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. सुनीता छिल्लर, डॉ. ललिता व स्वीटी अंतिल रहीं। साहित्यिक प्रतियोगिता का निर्णय डॉ. ममता, नीरज रानी व रेखा द्वारा किया गया। लिटरेरी पोएम में मीनाक्षी ने प्रथम, सारिका ने द्वितीय तथा निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लिटरेरी स्पीच में मानसी ने प्रथम तथा मोनिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेहंदी प्रतियोगिता में आशा कुमारी प्रथम, उपासना द्वितीय तथा अनिषा तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर मेकिंग व प्रिंटिंग में साक्षी ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय तथा रेणुका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट में ज्योति प्रथम, कीर्ति द्वितीय तथा पूजा तृतीय रहीं। एकल गायन में याना ने प्रथम, मीनू ने द्वितीय तथा लुभावना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पंजाबी एकल में खुशबू वर्मा प्रथम, लुभावना द्वितीय तथा मुस्कान तृतीय रहीं। नृत्य में सुमन ने प्रथम, उर्वशी ने द्वितीय तथा रजनी भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी सोलो में रितु प्रथम, राखी द्वितीय तथा अलीना मलिक तृतीय रहीं। हरियाणवी ग्रुप में रितु एवं अलीना की टीम ने प्रथम, ममता-अक्षरा एवं कुसुम की टीम ने द्वितीय तथा कोमल एवं तनु की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंच संचालन ज्योति पांडेय व ज्योति ने किया। संयोजक डॉ. सीमा धनखड़ ने आभार व्यक्त किया।



बहादुरगढ़। विजेताओं को पुरस्कृत करती प्रिंसिपल व अन्य।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

न्यूज डायरी



स्पेशल स्टूडेंट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

बहादुरगढ़। महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में नक्षत्र स्पेशल स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्पेशल बच्चों ने विद्यालय परिसर में सफाई की और अपने आसपास के स्थान को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। शिक्षकों और स्टाफ ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया और उन्हें स्वच्छता के लिए प्रेरित किया।



मुयथाई चैंपियनशिप में छाए खिलाड़ी

बहादुरगढ़। शहर में हुई मुयथाई जिला चैंपियनशिप में हरियाणा फाइट क्लब के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा कायम किया। प्रतियोगिता में करीब 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कोच सनी सहरावत की अगुवाई में क्लब के कई खिलाड़ियों ने मुकाबलों में जीत हासिल की। अनीश, प्रियांशु, वीरेन राठी, जय राठी, खुशी, नेहा, रियान, नवीन, पंकज, हर्ष राठी, यश, धर्मेश और अनुज दलाल ने अपने-अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किए।



कराटे में विजेता खिलाड़ियों का किया स्वागत

बहादुरगढ़। गोहाना में हुई 25वीं हरियाणा सीनियर स्टेट कराटे चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ की जुनून कराटे एकेडमी के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सोहिल ने 50 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक व प्रमोद ने 55 में किलोग्राम में रजत पदक प्राप्त किया। अपने प्रदर्शन के बूते सोहिल व प्रमोद के अलावा हेमंत व रेणुका ने हरियाणा ओलंपिक गेम्स के लिए क्वालिफाई किया है। इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी ने दोनों को बधाई दी। इस मौके पर कोच गौरी, प्रमोद अहलावत, दीपक, रविराज, इंशात राठी, राजू, पंकज, बजरंगी, उपेंद्र, दीकेश राजपूत, निशांत, राजकुमार, दीपक राठी, राज सिंह वर्मा, मास्टर सुखबीर सरोहा ने भी विजेताओं का स्वागत किया।



कैंप के लिए रवाना हुए जतिन व जय

बहादुरगढ़। बादली के चौधरी धीरपाल राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स जतिन और जय का चयन यूपी ट्रैकिंग कैंप के लिए हुआ है। दोनों कैडेट्स वीरवार को उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती में 1 से 8 अक्टूबर तक होने वाले ट्रैकिंग कैंप के लिए रवाना हुए। एनसीसी अधिकारी डॉ. मंजीत सिंह ने बताया कि कैंप में दोनों कैडेट्स ट्रैकिंग सहित विभिन्न साहसिक एवं शारीरिक गतिविधियों में भाग लेंगे। साथ ही उन्हें प्राकृतिक परिस्थितियों में प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और आत्मनिर्भरता विकसित करने का अवसर मिलेगा। प्राचार्य मेजर आनंद काद्यान ने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।



डीसी ने पंडित श्रीराम शर्मा को दी श्रद्धांजलि

झज्जर। महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा की जयंती के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर डीसी वर्षा खांगवाल ने पुष्पमाला अर्पित कर नमन किया। उन्होंने पंडित श्रीराम शर्मा के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा ने अपने जीवन में सामाजिक जागरूकता, जनसेवा और समाज के उत्थान के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज में आपसी भाईचारे, सहयोग और सकारात्मक सोच को मजबूत किया जा सकता है। इस अवसर पर एसडीएम रवि मीणा, डीआईपीआरओ दिनेश कुमार, तहसीलदार बादली श्रीनिवास, श्री ब्राह्मण महासभा के प्रधान राज देवरखाना, उप प्रधान कुलदीप शर्मा, रविंद्र कौशिक, बाल किशन सहित अन्य भी मौजूद रहे।



स्वयंसेविकाओं ने निकाली स्वच्छता रैली

बहादुरगढ़। महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के उपलक्ष्य में वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय की एनएसएस एवं वाईआरसी इकाई द्वारा स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली के दौरान स्वयंसेविकाओं ने पोस्टर, प्रभावी नारों एवं रंगोली के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के नेतृत्व में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता से संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने स्वयंसेविकाओं से आह्वान किया कि वे स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर इस संदेश को जन जन तक पहुंचाएं। छात्राओं ने गीले एवं सूखे कचरे का उचित पृथक्करण करने तथा सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया। स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके सत्य, स्वच्छता, सादगी, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।